Daily Current Affairs
30 June 2022

byjusexamprep.com

Index

- ऑफलाइन तथा ऑनलाइन माध्यम से फ्री स्पीच
- यूरोपीय संघ के उम्मीदवारो की स्थिति
- राष्ट्रपति भवन में आयुष वेलनेस सेंटर (AWC)
- इसरो द्वारा पी एस एल वी-सी 53 रॉकेट का परीक्षण
- 4th सिनर्जी सम्मेलन
- अभ्यास - हाई स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टार्गेट (एचईएटी) का सफलतापूर्वक परीक्षण
- व्यवसाय सुधार कार्य योजना (बीआरएपी 2020) के तहत राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की आकलन रिपोर्ट
- अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस

Important News: International

1. ऑफलाइन तथा ऑनलाइन माध्यम से फ्री स्पीच

चर्चा में क्यों:

- भारत द्वारा G7 देशों के साथ '2022 रेजिलिएंट डेमोक्रेसीज स्टेटमेंट (RDS)' पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

प्रमुख बिंदु:

- रेजिलिएंट डेमोक्रेसीज स्टेटमेंट का मुख्य उद्देश्य नागरिक समाज के अभिनेताओं की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति और राय की स्वतंत्रता की ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से रक्षा करना है।
- रेजिलिएंट डेमोक्रेसीज स्टेटमेंट के तहत भारत वैश्विक चुनौतियों के समान, समावेशी और टिकाऊ समाधान की दिशा में कार्य करेगा साथ ही भारत नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था की पुष्टि भी करेगा।
- G7 देशों के साथ हस्ताक्षरित '2022 रेजिलिएंट डेमोक्रेसीज स्टेटमेंट, वर्ष 2021 कार्बिन बे ओपन सोसाइटीज स्टेटमेंट के अनुरूप है।

स्रोत: द हिंदू

2. यूरोपीय संघ के उम्मीदवारो की स्थिति

चर्चा में क्यों:

- यूरोपीय संसद द्वारा यूक्रेन और मोल्दोवा को यूरोपीय संघ के उम्मीदवार का दर्जा प्रदान करने हेतु मतदान किया गया।

प्रमुख बिंदु:

- यूरोपीय संसद द्वारा जॉर्जिया के लिए यूरोपीय संघ की उम्मीदवारी को मंजूरी प्रदान की गयी।
- यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों के नेताओं के बीच चर्चा के बाद यह घोषणा की।

- 27-सदस्यीय यूरोपीय संघ के ब्लॉक में शामिल होने के लिए, तीन देशों को राजनीतिक और आर्थिक सुधारों की एक श्रृंखला को पूरा करने की आवश्यकता होती है।

स्रोत: ऑल इंडिया रेडियो

Important News: National

3. राष्ट्रपति भवन में आयुष वेलनेस सेंटर (AWC)

चर्चा में क्यों:

- नई दिल्ली में स्थित राष्ट्रपति संपदा में उन्नत आयुष स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद द्वारा केंद्रीय आयुष मंत्री की उपस्थिति में किया गया।



प्रमुख बिंदु:

- आयुष मंत्रालय और राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा एक संयुक्त पहल के माध्यम से, जुलाई 2015 में राष्ट्रपति संपदा में सभी प्रणालियों के साथ देश का पहला आयुष वेलनेस क्लिनिक (AWC) स्थापित किया गया था।
- आंगनवाड़ी केंद्र में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी की धाराओं में उपचार की सुविधा उपलब्ध है, साथ ही यह चिकित्सालय राष्ट्रपति, राष्ट्रपति सचिवालय के अधिकारियों और राष्ट्रपति संपदा के निवासियों की चिकित्सा आवश्यकताओं को भी पूरा करता है।
- आयुष वेलनेस सेंटर देश भर के विभिन्न सरकारी विभागों और एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में ऐसे कई क्लीनिकों केअग्रदूत के रूप में कार्य करता है।

स्रोत: पीआईबी

Important News: Defence

4. इसरो द्वारा पी एस एल वी-सी 53 रॉकेट का परीक्षण

चर्चा में क्यों:

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन - इसरो द्वारा पी एस एल वी-सी 53 रॉकेट का परीक्षण किया जायेगा।

प्रमुख बिंदु:

- पी एस एल वी-सी 53 रॉकेट सिंगापुर के तीन उपग्रहों (155 किलोग्राम का न्यूसार उपग्रह और नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर का 2.8 किलोग्राम का स्कूब-1 नैनो-उपग्रह) को भी इसी के साथ प्रक्षेपित किया जायेगा।
- पी एस एल वी-सी 53 रॉकेट को श्रीहरि कोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र के दूसरे लॉन्च पैड से प्रक्षेपण किया जायेगा।
- पी एस एल वी-सी 53 रॉकेट, अंतरिक्ष विभाग के तहत नवगठित सार्वजनिक इकाई, न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड का दूसरा समर्पित वाणिज्यिक मिशन है।
- पी एस एल वी-सी 53 रॉकेट प्राथमिक पेलोड, डीएस-ईओ 365 किलोग्राम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को भूमध्य रेखा से मापी गई 570 किमी ऊंचाई की कक्षा में प्रक्षेपित करेगा।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

5. 4th सिनर्जी सम्मेलन

चर्चा में क्यों:

- भारतीय सेना और रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के मध्य चौथा सिनर्जी सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

प्रमुख बिंदु:

- इस वर्ष सिनर्जी सम्मेलन की सह-अध्यक्षता थल सेना उप प्रमुख (वीसीओएएस) तथा रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) द्वारा की गयी साथ ही सम्मेलन में भारतीय सेना एवं रक्षा लेखा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी भाग लिया गया।
- सिनर्जी सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य अग्निपथ योजना पर विचार-विमर्श करना तथा अग्निवीरों के लिए वेतन एवं भत्तों की सुनियोजित व्यवस्था के सही समय पर कार्यान्वयन पर चर्चा करना शामिल है।
- सम्मेलन के दौरान सीजीडीए द्वारा सशस्त्र बलों के सेवा वितरण में सुधार के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी की शक्ति का लाभ उठाने और बिल-प्रसंस्करण तथा भुगतान की प्रणाली को मौलिक रूप से बदलने हेतु नवीन व्यावसायिक प्रक्रिया री-इंजीनियरिंग को तैनात करने के लिए विभाग के दृष्टिकोण को भी साझा किया गया।
- सिनर्जी सम्मेलन के दौरान डीएडी द्वारा आयोजित विभिन्न पहल जैसे दर्पण (रक्षा लेखा रसीद, भुगतान एवं विश्लेषण) और आगामी केंद्रीकृत वेतन प्रणाली की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गयी।

स्रोत: पीआईबी

6. अभ्यास - हाई स्पीड एक्सपैंडेबल एरियल टार्गेट (एचईएटी) का सफलतापूर्वक परीक्षण

चर्चा में क्यों:

- अभ्यास - हाई स्पीड एक्सपैंडेबल एरियल टार्गेट (एचईएटी) का ओडिशा के तट पर स्थित चांदीपुर के इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज (आईटीआर) से सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया गया।

प्रमुख बिंदु:

- टार्गेट विमान को एक पूर्व-निर्धारित निम्न ऊंचाई वाले उड़ान पथ में एक ग्राउंड आधारित कंट्रोलर से उड़ाया गया जिसकी निगरानी राडार तथा इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल टारगेटिंग सिस्टम सहित आईटीआर द्वारा तैनात विभिन्न ट्रैकिंग सेंसरों द्वारा की गई।
- अभ्यास की डिजाइन एवं उसका विकास रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान द्वारा किया गया है।
- अभ्यास - हाई स्पीड एक्सपैंडेबल एरियल टार्गेट वाहन को ट्विन अंडर-स्लग बूस्टर का उपयोग करने के उद्देश्य से लॉन्च किया गया जो व्हीकल को आरंभिक गति प्रदान करते हैं।
- टारगेट विमान बहुत ऊंची उड़ान के लिए स्वदेशी रेडियो अल्टीमीटर तथा ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन तथा टारगेट विमान के बीच इनक्रिप्टेड कम्युनिकेशन के लिए डाटा लिंक के साथ-साथ गाइडेंस और कंट्रोल के लिए फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर के साथ नैविगेशन के लिए माइक्रो-इलेक्ट्रोमैकेनिकल सिस्टम आधारित इनर्शियल नैविगेशन स्टिम के साथ सुसज्जित है।

स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया

Important News: Economy

7. व्यवसाय सुधार कार्य योजना (बीआरएपी 2020) के तहत राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की आकलन रिपोर्ट

चर्चा में क्यों:

- केंद्रीय वित्त तथा कंपनी कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन द्वारा नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण एवं कपड़ा मंत्री श्री पीयूष गोयल की उपस्थिति में व्यवसाय सुधार कार्य योजना

(बीआरएपी 2020) के तहत राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की आकलन रिपोर्ट जारी की गयी।

प्रमुख बिंदु:

- इस वर्ष की आकलन रिपोर्ट "बीआरएपी 2020" में सूचना तक पहुंच, सिंगल विंडो सिस्टम, श्रम, पर्यावरण, क्षेत्रवार सुधार तथा एक विशिष्ट व्यवसाय के जीवन चक्र से सम्बंधित अन्य सुधारों जैसे 15 व्यवसाय नियामकीय क्षेत्रों को शामिल करते हुए 301 सुधार बिन्दु शामिल हैं।
- 9 प्रमुख सेक्टरों (व्यापार लाइसेंस, स्वास्थ्य देखभाल, लीगत मेट्रोलॉजी, सिनेमा हॉल, आतिथ्य, फायर एनओसी, दूरसंचार, मूवी शूटिंग तथा पर्यटन) में 72 सुधारों के साथ बीआरएपी 2020 में पहली बार क्षेत्रवार सुधार प्रस्तुत किए गए हैं।
- इस वर्ष डीपीआईआईटी द्वारा एक फीडबैक आधारित प्रक्रिया आरंभ की गयी है जिसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा किए जा रहे सुधारों के कार्यान्वयन की गुणवत्ता पर कंपनियों से फीडबैक प्राप्त किये गयें हैं।
- उद्योग और आंतरिक व्यापारसंवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा वर्ष 2014 से ही, देश में एक निवेशक अनुकूल परितंत्र का निर्माण करने के उद्देश्य से व्यवसाय सुधारों को संचालित करने के लिए व्यवसाय सुधार कार्य योजना (बीआरएपी) जारी किया जाता है।

स्रोत: द हिंदू

Important News: Days

8. अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस

- अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस प्रत्येक वर्ष 30 जून को विश्व स्तर पर मनाया जाता है।
- इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस की थीम "Small is Beautiful".
- अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस व्यापक रूप से क्षुद्रग्रह प्रभाव के खतरे के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने और दुनिया भर में एक विश्वसनीय निकट-पृथ्वी वस्तु खतरे के मामले में दुनिया भर में किए जाने वाले संकट संचार कार्यों के बारे में जनता को बताने के लिए प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है।

- वर्ष 2016 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 30 जून को अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस के रूप में घोषित किया गया तथा इसे किर्यान्वित करने हेतु संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा संकल्प ए/आरईएस/71/90 को अपनाया गया।
- अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस प्रत्येक वर्ष 30 जून 1908 को साइबेरिया, रूसी संघ पर तुंगुस्का प्रभाव की वर्षगांठ को चिह्नित करने और क्षुद्रग्रह प्रभाव खतरे के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

स्रोत: लाइवमिंट